कम्प्यूटर पर हिंदी के प्रयोग के लिए आई टी टूल्स एवं साफ्टवेयर

यूनिकोड को सक्रिय करना

कंप्यूटर पर हिंदी के प्रयोग के लिए पहली आवश्यकता यूनिकोड को सक्रिय करने की होती है। यूनिकोड एनकोडिंग को सक्रिय करते ही कंप्यूटर किसी भी भाषा में काम करने के लिए सक्षम हो जाता है । यूनिकोड सक्रिय कैसे करें? (http://rajbhasha.gov.in/pdf/ittools.pdf)

कुंजीपटल / कीबोर्ड के विकल्प

यूनिकोड को सक्रिय करने के बाद अपनी आवश्यकता के अनुसार कीबोर्ड के विकल्प का चयन कर, उसे इन्स्टाल करना होता है । मुख्यत: तीन विकल्प हैं :

1. **इनस्क्रिप्ट कीबोर्ड**
2. **रेमिंग्टन कीबोर्ड**
3. **फोनेटिक कीबोर्ड**

इनस्क्रिप्ट कीबोर्ड मानक कीबोर्ड है तथा यह सभी ओपेरेटिंग सिस्टम्स (विंडोज़, लिनिक्स BOSS, मैकबुक आदि) में पहले से ही उपलब्ध है। इसे भारतीय भाषाओं के लिए यूनिवर्सल कीबोर्ड भी कहा जा सकता है। **कीबोर्ड कैसे इन्स्टाल करें?**(http://rajbhasha.gov.in/pdf/ittools.pdf)

इन्स्क्रिप्ट कीबोर्ड / कुंजीपटल पर किसी एक भारतीय भाषा की टाइपिंग सीख लेने के बाद किसी भी भारतीय भाषा की टाइपिंग की जा सकती है क्योंकि सभी भारतीय भाषाओं के लिए इन्स्क्रिप्ट एक समान है। भाषा इंडिया डॉट कॉम पर इंडिक स्क्रिप्ट ट्यूटर नाम से एक सॉफ्टवेयर उपलब्ध है (http://bhashaindia.com/SiteCollectionDocuments/Downloads/MSInscript/MSInscriptTutorialHindi.zip) जिसकी सहायता से इन्स्क्रिप्ट कीबोर्ड लेआउट सीखा जा सकता है।हिंदीइन्स्क्रिप्ट टाइपिंग सीखने के लिए टीडीआईएल की साइट से निशुल्क हिंदी इनस्क्रिप्ट टाइपिंग ट्यूटर डाउनलोड किया जा सकता है। (http://ildc.in/htm/ck-kbd.htm)

हिंदी फोंट्स

केवल यूनिकोड समर्थित फॉन्ट का ही प्रयोग अधिकृत है । इससे फाइलों के लेन-देन में समस्या नहीं होती है । माइक्रोसॉफ़्ट तथा एप्पल ओएस वाले सिस्टम में पहले से ही यूनिकोड मंगल सहित कई देवनागरी यूनिकोड फॉन्ट उपलब्ध हैं।अतिरिक्त यूनिकोड समर्थित फोंट्स www.ildc.gov.inसे download किए जा सकते है ।

फोनेटिक कीबोर्ड

केवल अँग्रेजी अथवा रोमन लिपि में टाइपिंग का ज्ञान होने पर भी हिंदी / देवनागरी में टाइपकरने के लिए फोनेटिक टूल्स का प्रयोग किया जा सकता है । इसके भी बहुत विकल्प है।

- माइक्रोसॉफ़्ट का टूल http://bhashaindia.com/ilit/Hindi.aspx डाउनलोड कर सकते हैं। (इसके लिए आपके कंप्यूटर में NET FRAMEWORK अर्थात डॉटनेट फिक्स 2.0-3.5 इंस्टाल होना जरूरी है।)
- गूगल का टूल http://www.google.com/intl/hi/inputtools/windows/डाउनलोड कर सकते हैं।

श्रुतलेखन (स्पीच टू टैक्स्ट टूल)

इस विधि में प्रयोक्ता माइक्रोफोन में बोलता है तथा कम्प्यूटर में मौजूद स्पीच टू टैक्स्ट प्रोग्राम उसे प्रोसैस कर पाठ/टैक्स्ट में बदलकर लिखता है। इस प्रकार का कार्य करने वाले सॉफ्टवेयर को श्रुतलेखन सॉफ्टवेयर कहते हैं। यह टूल राजभाषा विभाग की साइट पर उपलब्ध है। प्रयोग के लिए http://shrutlekhan-rajbhasha.rb-aai.in/live.aspx लिंक पर जाए।

मंत्र - राजभाषा

मंत्र-राजभाषा एक मशीन साधित अनुवाद सिस्टम है, जो राजभाषा के प्रशासनिक, वित्तीय, कृषि, लघु उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य रक्षा, शिक्षा एवं बैंकिंग क्षेत्रों के दस्तावेजों का अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करता है। यह टूल राजभाषा विभाग की साइट पर उपलब्ध है। प्रयोग के http://mantra-rajbhasha.rb-aai.in/mantrarajbhasha/ लिंक पर जाए ।

ई-महाशब्दकोश

ई-महाशब्दकोश एक द्विभाषी-द्विआयामी उच्चारण शब्दकोश है। ई-महाशब्दकोश की विशेषताएं निम्न प्रकार हैं -:

- देवनागरी लिपि यूनिकोड फोन्ट में
- हिंदी /अंग्रेजी शब्दों का उच्चारण
- स्पष्ट प्रारूप, आसान व त्वरित शब्द खोज
- अक्षर क्रम में शब्द सूची, सीधा शब्द खोज
- अंग्रेजी /हिंदी अक्षरों द्वारा शब्द खोज
- स्पीच इंटरफेस के साथ हिंदी शब्द का उच्चारण

यह टूल राजभाषा विभाग की साइट पर उपलब्ध है। प्रयोग के लिए http://e-mahashabdkosh.rb-aai.in/ लिंक पर जाए ।

लीला (LILA)हिंदी पाठ्यक्रम एवं ऑनलाइन परीक्षाएँ -

निशुल्क हिंदी भाषा सीखने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा तैयार कराए गए लीला हिंदी प्रबोध, लीला हिंदी प्रवीण तथा लीला हिंदी प्राज्ञ पाठ्यक्रमों के सॉफ्टवेयर उपलब्ध हैं। इन सॉफ्टवेयर्स को केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली तथा विभिन्न केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण उपसंस्थानों से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। इन सॉफ्टवेयर्स के इंटरनेट संस्करणों से अँग्रेजी माध्यम के साथ-साथ विभिन्न भारतीय भाषाओं के माध्यम से भी निशुल्क हिंदी सीखी जा सकती है। इनमें आडियो-वीडियो की सुविधा भी है। इंटरनेट संस्करण के लिए नीचे दिए लिंक पर क्लिक करें-

http://lilappp.rb-aai.in/newhome.asp

इन पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन परीक्षा की सुविधा भी उपलब्ध है जिसके नमूने नीचे दिए लिंक से देखे जा सकते हैं

http://hindionlineexam.rb-aai.in/Mock_Exam/MockExam_Home.aspx

डिस्कलेमर:

उपरोक्त सभी आईटी टूल्स तथा जानकारी विभिन्न स्रोतों से एकत्रित की गई है । यह संभव है कि आईटी टूल्स की गुणवत्ता प्रयोगकर्ता की अपेक्षा के अनुसार न हो अत: यह सुझाव दिया जाता है कि प्रयोगकर्ता अपने विवेकानुसार आईटी टूल्स की आउटपुट को परिवर्तित कर फिर प्रयोग में लाएं ।

मुख्य पृष्ठ